विद्युत सेवा आयोग
उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0

(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
एस0एल0डी0सी0 परिसर (निकट मंत्री आवास)
विभूति खण्ड, फेज–2, गोमती नगर
लखनऊ–226010
CIN : U32201UP1999SGC024928

विज्ञापन सं० 12/VSA/2022/AO

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि० हेतु लेखा संवर्ग में समूह 'ख' के अन्तर्गत **"लेखा अधिकारी"** के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के माध्यम से प्रतियोगितात्मक परीक्षा द्वारा चयन हेतु **निर्धारित योग्यता रखने वाले भारतीय नागरिकों** से आवेदन केवल **ऑनलाइन माध्यम** के द्वारा आमंत्रित हैं। व्यक्तिगत रूप से अथवा अन्य माध्यम से विद्युत सेवा आयोग कार्यालय में भेजे गये आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जायेगा। श्रेणीवार रिक्तियों का विवरण निम्नवत् है :

क्रम सं0	पद कोड	पदनाम	अनारक्षित	ई0डब्लू0एस0	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति
1	17	लेखा अधिकारी (ACCOUNTS OFFICER)	07	01	03	04	00

- ❖ उपरोक्त रिक्तियों की संख्या आवश्यकतानुसार घटाने एवं बढ़ाने का अधिकार उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि० के पास सुरक्षित है।
- ❖ **आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के पास आधार कार्ड अथवा विधिमान्य फोटोयुक्त पहचान पत्र का होना अनिवार्य है।**
- ❖ उपरोक्त पदों पर आरक्षण का लाभ केवल उत्तर प्रदेश राज्य के मूल निवासियों को ही अनुमन्य है। अन्य प्रदेशों के अभ्यर्थी अनारक्षित वर्ग के अन्तर्गत आवेदन कर सकते हैं।
- ❖ विज्ञापित पद पर आवेदकों की संख्या अधिक होने की स्थिति में ऑन–लाइन परीक्षा (CBT) एक से अधिक पालियों/दिवसों में करायी जायेगी। विभिन्न पालियों के प्रश्नपत्रों के मूल्यांकन के पश्चात् संलग्नक–1 के अनुसार Normalisation method श्रेष्ठता निर्धारण में प्रयुक्त होगा।
- ❖ केन्द्र/राज्य सरकार या किसी अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की सेवा से निष्कासित व्यक्ति उपरोक्त पदों हेतु अर्ह नहीं हैं।

1. <u>वेतनमान:</u>–वेतन मैट्रिक्स लेवल–10 में वेतनमान रू0 56100–177500 एवं अन्य भत्ते उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि० में लागू नियमानुसार देय होगें।
2. **अनिवार्य शैक्षिक एवं अन्य अर्हतायें:–** आवेदन के समय अभ्यर्थी के पास निम्न अर्हताओं का पूर्ण धारित होना आवश्यक है।
   (क) देवनागरी लिपि में हिन्दी का समुचित सम्यक ज्ञान।
   (ख) इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउंटेन्ट्स आफ इंडिया, नई दिल्ली से चार्टर्ड एकाउन्टेंट/इंस्टीट्यूट आफ कास्ट एण्ड वर्क एकाउंटेन्ट्स आफ इंडिया, कोलकाता से कास्ट एकाउंटेन्ट की अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण।
   (ग) वरीयमान योग्यता –किसी बड़े प्रतिष्ठित निजी औद्योगिक संस्थान/पब्लिक अण्डरटेकिंग विशेषकर विद्युत/टेलीकाम सेक्टर या पब्लिक यूटिलिटी सर्विसेज के वित्त/लेखा/ऑडिट शाखा में कार्य करने का अनुभव।
3. **आयु** : दिनांक 01.01.2022 को न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष।
4. **अधिकतम आयु सीमा में अनुमन्य छूट** :अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन–क्रीमीलेयर) श्रेणी के अभ्यर्थियों को, जो उत्तर प्रदेश के मूल निवासी है, को अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट अनुमन्य होगी। उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 में कार्यरत अभ्यर्थियों हेतु अधिकतम आयु में 5 वर्ष की छूट अनुमन्य है।
5. **आरक्षण :– आरक्षण के सम्बन्ध में उ०प्र०शासन द्वारा समय–समय पर जारी एवं कॉरपोरेशन द्वारा अंगीकृत शासनादेशों मे निहित प्राविधानों के अनुसार ही आरक्षण के नियम लागू होगें।**

आरक्षण का लाभ लेने के लिये अभ्यर्थी को उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है। **अभ्यर्थी जो उ0प्र0 के मूल निवासी नहीं है, अनारक्षित श्रेणी के अन्तर्गत ही आवेदन करें।** अभ्यर्थी को केवल आवेदित श्रेणी का ही लाभ अनुमन्य होगा।

ESCUPPCL ★ ESCUPPCL
विद्युत सेवा आयोग
सचिव
2022
उ० प्र० पावर कारपोरेशन लि०